卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 310 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦22 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष का सदन में हंगामा



भराड़ीसैंण (उद ब्यूरो)। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने कानून व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर सदन के बाहर और अंदर सरकार को घेरा। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के बाहर सीढ़ियों में बैठकर धरना दिया। कांग्रेस नेताओं ने पूंजी पत्तियां के खिलाफ और सेबी प्रमुख के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक भुवन कापड़ी, विधायक ममता राकेश, विधायक सुमित हृदयेश, आदेश चौहान समेत सभी विधायक मौजूद रहे। लैंसडाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप रावत ने पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार के आतंक को लेकर विधानसभा के बाहर धरना दिया उनकी मांग है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## ईडी के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी



देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश भर से राजधानी पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को ईडी के खिलाफ देहरादून में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने क्रॉस रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से धक्का मुक्की भी हुई। कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व ने देश भर में ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आहवान किया था, जिसके तहत प्रदेश भर से विरोध प्रदर्शन के लिए तमाम कार्यकर्ता दून पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने कांग्रेस भवन से रैली निकालते हुए निकले। प्रदर्शन में हरक सिंह रावत, रंजीत रावत, सूर्यकांत धस्माना, शूरवीर सिंह सजवाण, गणेश गोदियाल, प्रदीप टम्टा, ज्योति रौतेला समेत तमाम वरिष्ठ नेता शामिल थे। पुलिस ने ईडी ऑफिस से पहले ही प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की धक्कामुक्की भी हुई। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान गणेश गोदियाल ने कहा कि ये पहली (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

काशीपुर ।संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी रीवा पुत्री तेजवीर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर उप निरीक्षक मनोज जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां मृतक का रीवा का शव घर में कमरे में चारपाई पर पड़ा था। मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। परिजनों ने बताया कि मृतका मानसिक तनाव में रहती थी। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अतिक्रमण हटाने की मुनादी से भड़के व्यापारी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय द्वारा मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर हटाए जा रहे हैं। अतिक्रमण के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देने के बाद नगर निगम प्रशासन ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम ने नैनीताल रोड पर मंगलपड़ाव से रोडवेज चौराहे तक सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 12 मीटर क्षैतिज दूरी पर निर्मित भवनों के कब्जेदारों से कहा है कि वह प्रशासन की ओर से पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण को 23 अगस्त तक स्वयं हटा लें। प्रशासन की ओर से इस संबंध में मुनादी कराई जा रही है। जिसके खिलाफ आज व्यापारी रोषित हो उठे और उन्होंने नगर निगम के खिलाफ कालाढूंगी चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि नगर प्रशासन हाई कोर्ट का आर्डर अभी अपलोड भी नहीं हुआ है और व्यापारियों को मिला भी नहीं है। उसके बावजूद नगर प्रशासन तानाशाही रवैया पर आमदा है। उनका कहना है प्रशासन व्यापारियों को उच्च न्यायालय (शेष पृष्ठ सात पर)




## आपत्तिजनक टिप्पणी पर रामगिरी महाराज के खिलाफ किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी द्वारा पैगम्बर–ए–इस्लाम पर अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा देशभर



में साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरे में डालने वाले रामगिरी महाराज की गिरफ्तारी की माँग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध वसूली से भड़के ट्रांसपोर्टरों ने एआरटीओ का किया घेराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फिटनेस के नाम पर हो रही अवैध वसूली से भड़के ट्रांसपोर्टरों ने आज आरटीओ का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। इससे पूर्व भारी



संख्या में विभिन्न व्यवसाय से जुड़े हुये वाहन स्वामी और ट्रांसपोर्टर नैनीताल पेट्रोल पम्प पर एकत्र हुये जहां से नारेबाजी करते हुये जुलूस के रूप (शेष पृष्ठ सात पर)

## बच्चों को स्कूल ले जा रही वैन पर पथराव,कई घायल

रूद्रपुर । मौहल्ला खेड़ा में एक निजी स्कूल के बच्चों को ले जा रही वैन पर कुछ युवकों ने पथराव और डण्डे बरसाने शुरू कर दिये। जिससे वैन के शीशे टूट गये और वैन में सवार कई बच्चों को चोटें आ गईं। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधक घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मामले की विस्तार से जानकारी ली। प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने कुछ हमलावरों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है। वहीं दोनों पक्षों के मध्य सुलह समझौते की बात चल रही थी। जानकारी के अनुसार आज (शेष पृष्ठ सात पर)



## ‘मित्र पुलिस’ ने कोतवाली में एक बार फिर दिखाई ‘वर्दी की हनक’

**रुद्रपुर कोतवाली में फरियाद लेकर पहुंची मातृशक्ति के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार, फरियादिया ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप, पीड़ितों के साथ कोतवाली पुलिस की झूमा झटकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**





रुद्रपुर । शहर की कोतवाली में जब से नया निजाम आया है तब से कोतवाली पुलिस के एक से बढ़कर एक कारनामे सामने आ रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे शहर की पुलिस की संवेदनशीलता तो दिनों दिन समाप्त होती ही जा रही है ,साथ ही मातृशक्ति के प्रति पुलिस का अब तक पर्दे के पीछे रहा परंपरागत पुरुष प्रधान दृष्टिकोण भी उजागर होने लगा है। वह इसलिए, क्योंकि।विगत दिनों छेड़छाड़ के विरुद्ध फरियाद लेकर पहुंची मातृशक्ति एवं उसके परिजनों से कोतवाली पुलिस की झूमा झटकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वायरल वीडियो में पीड़िता रेनू यह कहती हुई साफ सुनी जा सकती है कि कोतवाली पुलिस ने उसकी छेड़छाड़ की रिपोर्ट पर कार्यवाही करने के बजाय उल्टा उससे व उसके साथ आए परिजनों के साथ मारपीट की। वीडियो में पीड़िता की रिश्तेदार धर्मवती ने यह आरोप भी लगाया है कि कोतवाली पुलिस ने वर्दी के नशे में घायल व्यक्तियों तथा बच्चों एवं महिलाओं तक को नहीं बख्शा। पीड़िता की रिश्तेदार धर्मवती के वीडियो वर्जन के अनुसार पीड़िता के पड़ोस में रहने वाले दो– तीन युवक उसके साथ आए दिन छेड़छाड़ करते थे। छेड़छाड़ से तंग आकर पीड़िता बीते दिन आरोपी युवकों के घर शिकायत करने चली गई ।जिस पर क्रोधित आरोपी युवकों और उसके परिजनों ने, न केवल पीड़िता बल्कि उसके परिवार जनों के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपी पक्ष ने ही 112 पर फोन करके पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली पहुंचने का निर्देश दिया। दोनों पक्षों के कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया और मामले की जानकारी लेने लगी। इसी मध्य दोनों पक्षों के बीच गरमा गरम बहस होने लगी। आरोप है कि पुलिस ने दोनों पक्षों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश के पौराणिक मेलों का संरक्षण कर रही सरकार:धामी

## सीएम ने कुरुड़ पहुंचकर किये मां नंदा के दर्शन, नंदा देवी लोकजात मेले को राजकीय मेला घोषित करने की घोषणा







देहरादून/चमोली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली स्थित कुरुड़ पहुंचकर तीन दिवसीय नन्दा देवी लोकजात मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां नंदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाएं भी की। जिनमें नंदानगर, नारायणबगड़ और देवाल में खेल मैदान निर्माण, प्राणमती नदी के दोनों तटों पर सुरक्षा कार्य, थराली के ढाडरबगड़ में बाढ़ सुरक्षा कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नंदा देवी लोकजात मेले को राजकीय मेला घोषित करने, नंदानगर चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय में अपग्रेड करने की घोषणा भी की।मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों का संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए विकास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में युवाओं के भविष्य को देखते हुए पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने जहां एक ओर नकल विरोधी कानून बनाकर नकल पर प्रभावी रोक लगाई है, वहीं राज्य में भर्ती परीक्षाओं में नकल करवाने वाले 100 से अधिक दोषियों को जेल भेजने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कार्य प्रणाली का प्रतिफल है कि अब तक 16 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सतत विकास का कार्य भी तीव्र गति से हो रहा है। जिसके कारण उत्तराखण्ड देश में सतत विकास में पहले पायदान पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देशन में श्री बदरीनाथ और श्री केदारनाथ धाम का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर थराली विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, मंदिर समिति अध्यक्ष श्री सुखबीर रौतेला, श्री राकेश गौड़, मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवी, श्री प्रकाश गौड़, श्री कृपाल सिंह, प्रमुख श्रीमती भारती फर्स्वाण, जिला पंचायत सदस्त श्रीमती नंदिता रावत, श्री हरेंद्र सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# गैंगरेप पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज

## पुलिस ने पांचों आरोपियों की मांगी कस्टडी रिमांड, वकीलों ने की केस नहीं लड़ने की अपील

देहरादून(उद संवाददाता)। आईएसबीटी परिसर में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी के बुधवार को बालिका निकेतन में मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज कराए गए। इस दौरान किशोरी के साथ सरकारी काउंसलर भी मौजूद रहीं। इसके साथ ही पुलिस ने पांचों आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) भी मांगी है। पुलिस ने तीन दिन की रिमांड के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया है। न्यायालय में पीसीआर पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। इसके लिए आरोपियों को भी तलब किया गया है। गौरतलब है कि जो किशोरी दुष्कर्म की शिकार हुई उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। बताया जा रहा है कि वह पहले भी घर से कई बार इस तरह से गायब हुई थी। ऐसे में वह पुलिस अधिकारियों को भी ज्यादा कुछ नहीं बता पा रही थी। नियमानुसार पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज कराए जाने थे। ऐसे में पुलिस ने मजिस्ट्रेटी बयान के दौरान काउंसलर की तैनाती करने की अदालत से मांग की थी। अदालत ने



मंगलवार को इसकी अनुमति दी और इसके क्रम में बुधवार को बालिका निकेतन में ही महिला मजिस्ट्रेट को भेजकर पीड़िता के बयान दर्ज कराए गए। पीड़िता ने अपने साथ हुई दरिंदगी की कहानी को मजिस्ट्रेट के सामने भी दोहराया है। कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने पांचों आरोपियों की तीन दिन की कस्टडी रिमांड भी मांगी है। पुलिस आरोपियों से अब तक बरामद हुए साक्ष्यों और गवाही की तस्दीक कराना चाहती है। साथ ही मुख्य आरोपी (बस चालक) से दिल्ली से देहरादून तक की यात्रा के दौरान हुई घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ करना चाहती है। इसके अलावा इस मामले में नियमानुसार आरोपियों की शिनाख्त परेड भी कराई जानी है। बता दें कि पुलिस अब तक दिल्ली से लेकर देहरादून के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटा चुकी है। 12 अगस्त की रात कश्मीरी गेट से रोडवेज की बस में ड्राइवर किशोरी को लेकर देहरादून आईएसबीटी पहुंचा था। आईएसबीटी परिसर की पार्किंग में खड़ी बस में किशोरी से रोडवेज और अनुबंधित बसों के पांच ड्राइवर-कंडक्टरों ने बारी-बारी से गैंगरेप किया। मामले में रोडवेज की अनुबंधित बस के ड्राइवर धर्मेंद्र कुमार, रवि कुमार, रोडवेज के ड्राइवर राजपाल, कंडक्टर देवेंद्र और कैशियर का काम कर रहे कंडक्टर राजेश कुमार सोनकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। पांचों को सोमवार को कोर्ट से जेल भेजा जा चुका है। कई अधिवक्ताओं ने पांचों आरोपियों का केस न लड़ने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने बार एसोसिएशन से एक सर्कुलर जारी करने की मांग की है। इस तरह की एक अपील व्हाट्सएप पर वायरल हो रही है।

# तीन हजार रिश्वत के आरोप में वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

कोटद्वार। उत्तराखंड के कोटद्वार में एआरटीओ कार्यालय में आज विजिलेंस की टीम ने छापा मारा। टीम विजिलेंस भ्रष्टाचार के आरोप में वरिष्ठ सहायक एआरटीओ महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। कर्मचारी पर तीन हजार रुपये की रिश्वतखोरी का आरोप है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने ट्रक का चालान कर चालक से सात हजार रुपये लिए और चार हजार की रसीद काटी। विजिलेंस ने आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के दफ्तर



और आवास परभी विजिलेंस टीम पहुंची है। सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ सहायक महेन्द्र सिंह के खिलाफ लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। इस पर विजिलेंस ने ट्रैप टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद आज टीम मौके पर पहुंची।

# लापता हिमांशु नेगी के घर जाकर परिजनों से मिले सीएम धामी

रूद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के बाद से गौरीकुण्ड-केदारनाथ मार्ग से लापता भराड़ीसैण निवासी हिमांशु नेगी के घर पर जाकर उनके परिवार से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमांशु की खोजबीन जारी है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से फोन पर वार्ता करते हुए निर्देश दिए कि सर्च अभियान में और तेजी लाई जाए। उन्होंने हिमांशु नेगी के परिजनों को भरोसा दिलाया कि हिमांशु की खोजबीन के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल सर्च अभियान में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने हिमांशु नेगी के पिताजी श्री नरेन्द्र सिंह, उनके दादाजी व परिजनों से मुलाकात कर कहा कि धैर्य बना कर रखें। राज्य सरकार द्वारा प्रभावित परिवार को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री भूपाल राम टम्टा और जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना भी मौजूद थे।

# ओएनजीसी के पास नाले में पड़ा मिला युवक का शव

देहरादून। देहरादून से बड़ी खबर सामने आ रही है। ओएनजीसी के पास एक नाले में युवक का शव पड़ा मिला। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है। घटना बुधवार की है। मामला थाना कैंट क्षेत्र का है। ओएनजीसी के पास एक नाले में युवक का शव मिलने के बाद से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक चांदमारी का रहने वाला बताया जा रहा। मृतक की शिनाख्त श्याम क्षेत्री (46) के रूप में हुई है। बतया जा रहा है मृतक को शराब की लत थी। इसी वजह से मृतक की पत्नी अपने दोनों बच्चों को पहले ही छोड़कर अपने मायके चली गई थी। बतया जा रहा है मंगलवार रात को भी श्याम शराब के नशे में नाले में गिरा था। जिससे उसकी मौत हो गई।

# मौसम विभाग ने कई जिलों में जारी किया भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के आठ जिलों में आज जमकर मेघ बरसेंगे। मौसम विभाग ने राजधानी देहरादून समेत अधिकांश जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के आसार हैं। जिसे देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों ने येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शेष जिलों में भी आंशिक बादलों के साथ बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पहाड़ी जिलों में जाने से पहले एक बार मौसम का अपडेट जरूर देख लें। बारिश के मौसम में पहाड़ों में भूस्खलन का खतरा बना रहता है। अपडेट देख कर ही यात्रा प्लान करें। गौरतलब है कि उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में इस बारिश से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश आफत बनकर बरस रही है।




# गैरसेंण भरारीसेंण में ग्रीष्मकालीन विस सत्र महज दिखावा: रविंद्र सिंह

देहरादून । मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी रविंद्र सिंह आनंद ने गैरसैण भराड़ीसेंण में शुरू होने जा रहे तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन सत्र पर सवाल खड़े किए हैं उन्होंने कहा की गैरसेंण भराड़ीसेंण में सरकार ग्रीष्मकालीन सत्र का महज दिखावा कर रही है और उसे गैरसेंण और पहाड़ की भावनाओं से कुछ लेने देना नहीं है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार एवं विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी द्वारा गैरसेंण भराड़ीसेंण सत्र की पूरी तैयारी देहरादून के एसी कमरों में बैठकर की गई उससे तो यह साबित होता है की सरकार गैरसेंण में सत्र कराकर महज दिखावा और खानापूर्ति ही कर रही है । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछले दिनों उनके द्वारा गैरसेंण भराड़ीसेंण में सत्र न कराई जाने के पक्ष में विधायकों के नाम उजागर किए गए थे, उससे इन नेताओं की पोल खुल गई है अब जनता यह समझने लगी है कि यह नेता उत्तराखंड विरोधी है और सरकार भी महज खानापूर्ति करते हुए गैरसेंण भरारीसेंण में ग्रीष्मकालीन सत्र का आयोजन करने जा रही है जिसका हासिल महज सिफर ही होगा । उन्होंने कहा कि आज जब उत्तराखंड के शहीदों की आत्मा उत्तराखंड के नेताओं, विधायकों और सरकार के ऐसे कृतियों को देखती होंगी तो उनकी आत्माएं बहुत दुखी होती होगी उन्होंने कहा कि जिन विधायकों को गैरसेंण चढ़ने से ठंड लग रही थी अब वह विधायक मुंह छुपा कर गैरसेंण जाने को तैयार हैं उन्होंने कहा मौजूदा सरकार उत्तराखंड की जन भावनाओं से कोई सरोकार नहीं रखती है और उसे महज सैर सपाटे के लिए ही गैरसेंण मे यह आयोजन रखा है।



# पालिका में महत्वपूर्ण योजना के हजारों प्रस्ताव बन गए पुलिंदे

## परवान नहीं चढ़ी मंदिर द्वार, शमशान घाट, जनाजा घर निर्माण, शव वाहन की मांग

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। नगर पालिका परिषद में बजट की भरमार होने के बाबजूद शहरी क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी हजारों आम प्रस्तावों के बीच पुलिंदो की पोटली बनकर रह गए। जबकि इन प्रस्तावों के परवान चढ़ने से सभी वर्गों के लोगों को सुविधाएं मिलती। अब हालात यह है कि जनाजा घर में लिंटर नहीं होने से वहां शव के साथ लोग भी बरसात में भीगते है, कड़क धूप में नमाज के वक्त नंगे पांव खड़े रहने से उनके पैरों में छाले तक पड़ जाते है। सभी वर्गों के लिए शव वाहन चलाने का प्रस्ताव भी पेंडिंग पड़ा है। नगर पालिका का चुनाव 25 अक्टूबर तक संपन्न होना है। ऐसे में पिछले पांच वर्ष तक नगर पालिका में गठित बोर्ड और नगरीय महत्वपूर्ण समस्याओं का जग जाहिर होना भी




जरूरी है। नगर पालिका में पिछले 5 वर्षों में आमजन की मांग को देखते हुए करीब 1000 से अधिक प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्तावों में से बजट की उपलब्धता के आधार पर काफी संख्या में प्रस्ताव पास भी किए गए। लेकिन योजनाएं परवान नहीं चढ़ सकी। आरोप प्रत्यारोप के मामले में महत्वपूर्ण प्रस्ताव बजट के बाद भी नगर पालिका में पुलिंदे बनकर पोटली में तब्दील हो गए। जबकि पालिका बोर्ड में पिछले 5 वर्षों के भीतर उन्हें प्रस्तावों को पास किया गया था। जिनके लिए पालिका के पास पर्याप्त बजट था। इन हालातों में नगर वासी आज भी जनहित की सुविधाओं को लेकर सोच में पड़े है।

### यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पांच वर्ष से लंबित

सितारगंज। नगरीय क्षेत्र में आमजन की सहूलियत के लिए बने महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया गया। जिनमें शहरी क्षेत्र के मंदिरों के गेट, शमशान घाट, जनाजा घर में लिंटर निर्माण, सभी वर्गों के लिए शवों को हॉस्पिटल आदि स्थानों से लाने ले जाने के लिए शव वाहन, अनाथ, यतीमों के लिए रेन बसेरा निर्माण, नगरीय क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के साथ ही अपराधिक वारदातों की रोकथाम के लिए प्रत्येक गली, नुक्कड़, चौक में सीसीटीवी कैमरों की योजना अभी भी लंबित पड़ी है। जबकि इन प्रस्तावों के लिए पालिका में पर्याप्त बजट भी मांग के दौरान उपलब्ध था।

# लिव इन पार्टनर के साथ बहस के बाद युवक ने लगाई फांसी

काशीपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर में एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक ने संदिग्ध हालात में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आईटीआई थाना क्षेत्र के हिम्मपुर निवासी बबलू सिंह का बेटा सीटू (25) लगभग एक साल से बाजपुर रोड स्थित श्यामपुरम में किराए के मकान में कालागढ़ निवासी एक महिला के साथ लिवइन में रह रहा था। बताया जाता है कि सोमवार रात लगभग नौ बजे महिला का मुंह बोला भाई घर आया था। इस दौरान सीटू की उस व्यक्ति से कहासुनी हो गई। महिला का भी सीटू से झगड़ा हो गया। इस पर सीटू कमरे में चला गया। काफी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो सीटू का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की अभी पुलिस में तहरीर नहीं दी गई है। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सीटू के परिजनों के मुताबिक सोमवार को सीटू की बहन पायल राखी बांधने श्यामपुरम आई थी। शाम छह बजे तक सब कुछ ठीक था। बताया सीटू अविवाहित था और टांडा उज्जैन में एक मिठाई की दुकान पर नौकरी करता था। परिजनों के अनुसार उसका अपने घर आना-जाना नहीं था। छोटे भाई-बहन से ही उसका संपर्क था। वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। जानकारी के मुताबिक महिला लगभग एक-डेढ़ साल से अपने पति को छोड़कर यहां रह रही है।

# रक्षाबंधन पर घर आई युवती ने कमरे में लगाया फांसी का फंदा

हल्द्वानी। भाई को राखी बांधने रक्षाबंधन पर घर आई युवती ने मौत को गले लगा लिया। मृतका के भाई ने बहन के बॉयफ्रेंड पर शादी का दबाव बनाने के आरोप लगाए है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती की पहचान ज्योति (20) पुत्री भुवन चंद्र शर्मा निवासी प्रतापपुर के रूप में हुई है। बता दें ज्योति हल्द्वानी से आइलेट कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने बीते बुधवार को अपने कमरे में फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ज्योति के भाई विनय शर्मा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसकी बहन की मुस्लिम समुदाय के युवक के साथ एक साल से दोस्ती थी। जो उसकी बहन पर धर्म परिवर्तन कर अपने साथ विवाह करने के लिए प्रताड़ित कर रहा था। ज्योति कई बार इसका विरोध कर चुकी थी। विनय ने बताया मंगलवार को आरोपी उसकी बहन को अपने साथ लेकर गया और उसके साथ मारपीट की। आरोपी ने ज्योति पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। जिससे ज्योति ने परेशान होकर बुधवार दोपहर को पंखे से लटक कर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर एसपी सिटी अभय सिंह का कहना है कि आरोपों की जांच की जाएगी।

# युवक पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला, फायर झोंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर लौट रहे युवक पर कई युवकों ने धारदार हथियारों और तमंचे के साथ जानलेवा हमला बोल दिया और उसे लहुलुहान कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। घायल युवक को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने घटना की सूचना रम्पुरा पुलिस को दे दी है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिये निरन्तर दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा निवासी आकाश पुत्र ओमप्रकाश यहां मुख्य बाजार में किराने की दुकान में काम करता है। बताया जाता है कि गत रात्रि वह अपने दोस्त के साथ घर वापिस लौट रहा था कि मार्ग में इन्द्रा चौक पर उसके मौहल्ले के ही निवासी कुछ युवकों से किसी बात को लेकर नोक-झोंक हो गई जिसके बाद उन युवकों ने अपने कई अन्य साथियों को भी बुला लिया और उन्होंने आकाश पर ईट-पत्थर, डण्डे व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। आकाश किसी तरह बच कर मौके से भागने लगा तो हमलावरों ने पीछे से उस पर ईट फैंक दी। आकाश का आरोप है कि उस पर तमंचे से फायर भी झोंका गया। कुछ दूरी आगे जाकर हमलवरों ने उसे फिर चारों ओर से घेर लिया और उसके साथ मारपीट कर उसे लहुलुहान कर दिया। हमलावर जान से मारने के ध मकी देते हुये मौके से फरार हो गये। इसके पश्चात वह बेहोश हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजनों ने 108 एम्बुलेंस से घायल आकाश को उपचार के लिये जिला



अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। परिजनों ने घटना की सूचना रम्पुरा पुलिस को दे दी है। पुलिस हमलवरों की तलाश में जुटी है।

# बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी सात विभागों के 117 पदों पर होगी भर्ती

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी नौकरी की राह देख रहे बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। लोअर पीसीएस सेवा भर्ती के लिए सरकार ने राज्य लोक आयोग को प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही प्रदेश में लोअर पीसीएस के 117 पदों पर भर्ती होगी। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के अच्छी खबर हैं। जल्द ही प्रदेश में लोअर पीसीएस के 117 पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए बुधवार को राज्य लोक सेवा आयोग को भेजे गए पत्र में अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल ने कहा कि सात विभागों के 117 पदों के लिए ये भर्ती होगी। बता दें कि सात विभागों मे इसमें विपणन निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक, नायब तहसीलदार, उप कारापाल, पूर्ति निरीक्षक, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक, खांडसारी, निरीक्षक श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद शामिल हैं। आपको बता दें कि लोअर पीसीएस के 117 पदों पर होने वाली इस भर्ती में राज्य आंदोलनकारी और राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों के लिए सात पद आरक्षित हैं। बता दें कि हाल ही में राजभवन ने वर्षो से लंबित राज्य आंदोलनकारी 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण विधेयक को मंजूरी मिली है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# बाला बाला टैक्सी एप के खिलाफ टैक्सी चालकों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाला बाला टैक्सी एप के खिलाफ अनेक टैक्सी चालकों ने आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर सहायक संभागीय परिवहन अधि कारी चन्द्रपाणि के माध्यम से केंद्रीय परिवहन मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। रोषित टैक्सी चालकों का कहना है कि कुछ समय से बाला बाला टैक्सी एप के जरिये आम लोगों की जिदंगी को खतरे में डाला जा रहा है इस एप के जरिये वह लोग भी अपने प्राईवेट वाहनो को टैक्सी के रूप में इस्तेमाल कर रहे है, जिनका टैक्सी परमिट नहीं है तथा इस मोबाईल एप के जरिये मिलने वाले ड्राइवरों व वाहनों को सत्यापन नहीं होता है। इस एप



के जरिये भविष्य में कभी भी महिलाओं के साथ कोई अप्रिय घटना होने की पूरी सम्भावनाए है। उन्होंने बताया कि इस मोबाईल एप के कारण टैक्सी चालकों को भारी नुकसान हो रहा है। जिसके कारण टैक्सी चालक अपने वाहनों की मासिक ईएमआई भी अदा नहीं कर पा रहे है। इस एप को बन्द करवाया जाए।

# ठुकराल ने ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के किये दर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मध्य प्रदेश राज्य के खंडवा जनपद स्थित नर्मदा नदी के दोनों छोर के किनारे स्थित ममलेश्वर/ ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के अपने कई समर्थकों के साथ दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल ने ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग पहुंचकर शीश नवाया था और सुख समृद्धि की कामना की थी। इस दौरान उनके साथ जगदीश सुखीजा, राजू भुसरी, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण, पत्रकार राजीव चावला, आनन्द शर्मा, ललित बिष्ट आदि भी मौजूद थे।



# स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान चिकित्सा शिविर आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने किया। शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चिराग सैनी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित भूतानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जूही चंदना, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निकिता देउपा एवं मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. रवि सिंह मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ करने के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि यशास्वी प्रध नमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देखा गया आयुष्मान भारत का सपना पूर्ण होते हुए नजर आ रहा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ग के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा पा रहे हैं और धामी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक एवं सुलभ बनाने हेतू निरंतर कार्य कर रही है जिससे नीशुल्क खून की जांच, एक्स रे, गर्भवती महिलाओं के लिए फ्री एम्बुलेंस सेवा एवं अन्य सेवाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर डॉक्टर सरना, डॉक्टर अंजनी, डॉक्टर राजीव चौहान, भाजपा नेता सुभाष गुंबर, राजेश गुम्बर, अनिल जेटली, अशविनी कुमार, मिंटू गुंबर, कुनाल रस्तोगी होगी साहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# आरक्षण से सम्बंधित फैसले के खिलाफ निकाली रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1अगस्त को एससी, एसटी समुदाय के आरक्षण संबंधित प्रदत्त अभिनिर्णय के विरोध में विभिन्न संगठनों द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया।धरने के बाद बुद्ध पार्क से नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकाल कर नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें मांग की गई कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1अगस्त को प्रदत्त अभिनिर्णय से अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के संगठनों में घोर असंतोष है। जिसके द्वारा इन वर्गो के क्रिमिलेयर को आरक्षण से वंचित किया गया है तथा साथ ही उप वर्गीयकरण किये जाने हेतु राज्यों को निर्देशित किया गया है। जबकि 7 जजों



की उसी पीठ ने शामिल न्यायमूर्ती बेला त्रिवेदी द्वारा उक्त अभिनिर्णय से अपनी असहमति जाहिर की तथा इसको संविध ान के विरुद्ध बताया गया है।भारतीय संविधान को लागू हुए लगभग 75 वर्ष की अवधि पूर्ण होने जा रही है अभी तक सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति का निर्धारित आरक्षण कोटा पूर्ण नहीं हो पाया है जो कि इन वर्गो के साथ सरासर अन्याय है। अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय यह भी मांग करते हैँ कि आरक्षण कोटे के बैकलॉग को विशेष भर्ती अभियान द्वारा पूर्ण किया जाये तथा इन वर्गो के असंवैधानिक क्रिमिलेयर व उपवर्गीयकरण के निर्णय को समाप्त किया जाए तथा जो संवैध ानिक आरक्षण के मूल उद्देश्य को ही समाप्त कर रहा है। यह भी मांग करते हैँ कि विशाल निजी क्षेत्र में भी अनुसूचित जाति /जनजाति के संवैध ानिक आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सरकार सर्वोच्च न्यायालय के उपरोक्त अधिनिर्णय को निष्प्रभावी किये जाने हेतु शीघ्र ही संसद में विधेयक लाकर इन वर्गो के असंवैधानिक अधि कारों की सुरक्षा करें। इन वर्गो के आरक्षण के विषय को संविधान की नौवीं अनुसूचि में डाल दिया जाए ताकि इन्हें सामाजिक न्याय मिल सके व इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। कार्क्रम में बीएल आर्य, जीआर टम्टा, नफीस अहमद खान, सुंदरलाल बौद्ध, कैलाश पांडे, जितेंद्र कुमार वर्मा, शिव गणेश, हरीश लोधी, विकास कुमार, राजेंद्र सिंह कुटियाल, गजेंद्र सिंह पांगती, देवेंद्र सिंह धर्मसत्तू, भूपेंद्र सिंह पांगती, सिराज अहमद, इशरत सैफी, अहमद अली, खड़क सिंह जंगपागी, मुकेश चंद्र बौद्ध, गजेंद्र पाल सिंह, आरपी गंगोला, दीपक चनियाल, मोहनलाल आर्य, जीआर आर्य, रितिक कांत, गंगा प्रसाद, चंद्र सिंह मार्टलिया, केदार सिंह पांगती, आईएस पांगती धीरेन्द्र सिंह पांगती, एसएस जंगपागी, डॉ जेआर आर्य, डीआर धौनी, प्रकाश बेरी, ललित प्रसाद, वेद प्रकाश आर्य, उमेश चंद्र टम्टा, हरेंद्र पाल, अंजू विनोद, सरोजनी देवी, पर्मिला देवी, आनंद राम आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पर्यटन आवास गृह में ओपन रेस्टोरेंट का शुभारम्भ

नैनीताल(उद संवाददाता)। केएमवीएम के 49वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयुक्त दीपक रावत ने पर्यटन आयुक्त ने कहा कुमाऊं मण्डल में पर्यटन एवं अन्य विकास की गतिविधियों को बढावा देने के लिए कुमाऊं मण्डल पेट्रोल पम्प और स्टेशनों के संचालन में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा आज के दौर में पर्यटन को बढावा देने के ने दूरस्थ क्षेत्रों में पर्यटक आवास गृह के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा आदि कैशाल व दाडिमा में





इंवेस्टमेंट होने चाहिए वहां पर इको टूरिज्म हो तथा वहां की विरासत के साथ छेडछाव ना करते हुये पयर्टन को बढावा दिया जा सकता है। एमडी केएमवीएन डा0 संदीप तिवारी ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर 49 पेडों का पौधारोपण किया जायेगा। स्थापना दिवस के अवसर पर डीआईजी डा0 योगेन्द्र रावत,

आवास गृह भीमताल में लगभग 50 लाख की लागत से बाखली एवं ओपन रेस्टोरेंट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। विकास निगम अहम भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा केएमवीएन आज पर्यटन के साथ ही रसोई गैस वितरण, फलों एवं जडीबूटियों का विपणन व लिए प्रचार-प्रसार पर जोर देने की आवश्यकता है ताकि कुमाऊं मण्डल में पर्यटन को अधिक से अधिक बढावा मिल सके। उन्होने कहा कि केएमवीएम एमडी केएमवीएन डा0 संदीप तिवारी, जीएम विजयनाथ शुक्ल,उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, दिनेश गुररानी के साथ ही केएमवीएम अधिकारी व कर्मचारी थे।

# तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। सरकड़ी गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण सहमे हुए हैं। मंगलवार को तेंदुए की चहल कदमी की सूचना पर वन विभाग की टीम ने गांव सरकड़ी पहुंचकर पड़ताल की थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है।इससे पहले भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालरा ने पिंजरा लगाने के



लिए डीएफओ से चर्चा की थी। इसी के चलते बुधवार को डिप्टी रेंजर रुद्रपुर प्रमोद चंद्र त्रिपाठी ने टीम के साथ गांव सरकड़ी पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने के लिए एक खेत में पिंजरा लगाया। डिप्टी रेंजर ने बताया कि पिंजरे का वन विभाग की टीम मॉनिटरिंग करेगी। वहां प्रधान जसविंदर सिंह, एएसआई मोहित कुमार, भुवन मैनाली, अनंत पाल, भूपेंद्र शाह, रामवीर, रहीम आदि लोग मौजूद रहे।

# मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 32वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि मानव जीवन तपस्या के लिए है, जो तप



नहीं करता उसका पतन होता है, शरीर को सादगी मय रखो यह एक मुट्ठी भर भस्म है, मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है, ईश्वर भजन है हर चीज में ईश्वर की भावना जागे इसलिए सत्संग की जरुरत है। प्रसाद की सेवा स्वव विनोद मदान के पुत्रों शोनित मदान एवं मधुर मदान जी के परिवार द्वारा दी गई।

# नाबालिग के अपहरण और छेड़छाड़ के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग लड़की के अपहरण व उसके साथ छेडछाड करने वाले को पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपया जुर्माने की सजा सुनाई है ।विशेष लोक अभियोजक विकासगुप्ता ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा 19 नवम्बर 2022 को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि 18 नवंबर 2022 को उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर की गली के बाहर परचूनी की दुकान पर सामान लेने गई थी लेकिन सामान ना मिलने पर वह दुकान के सामने वाली गली में चली गई जहां पहले से घात लगाये बैठे रामजीवन बाबा पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम लीलाकुआं कोठेया पोस्ट टीकरखीरी थाना फरदान ने उसे दबोच कर उसके साथ छेड़छाड कर जबरदस्ती करने लगा ।लड़की के विरोध करने पर एक हाथ से उसका मुँह दबा लिया और दूसरे हाथ से उसे सुँघाने के लिए जेब में से नशीला पदार्थ निकालने लगा तभी गली में दो लोगोंको आते देख सकपका गया जिसका लाभ उठाते हुए लड़की उसके चंगुल से छूटकर दोनों लोगों के पास पहुँच कर गुहार लगाने लगी इधर मौका देख आरोपी वहाँ से भाग गया।पुलिस ने 20 नवम्बर 2022 की प्रात: लक्ष्मीपुर पट्टी काशीपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध पॉकसो कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद बुधवार को पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने रामजीवन बाबा को ध ारा 9/10 पॉकसो एक्ट में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 354 आईपीसी में 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।जुर्माने की ध नराशि में से 15 हजार रुपये पीड़िता को मिलेंगे साथ ही न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार से पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में 50 हजार रुपये देने के निर्देश दिए हैं।

# एनएसएस के स्वयं सेवियों को प्रमाण पत्र वितरित किये

बाजपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा और प्रध ानाचार्या डॉ. प्रीति रस्तोगी ने 17 बी और 1 सी प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को देशभक्त और संस्कारवान बनाता है, इसीलिए महात्मा गांधी ने युवाओं के चारित्रिक विकास और देश प्रेम की जागृति के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की धारणा रखी थी। कार्यक्रम अधिकारी नानू उप्रेती पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डलविंदर कौर, अनीता राठौर, नीलम सूर्यवंशी, रेखा उपाध्याय, रितु प्रजापति, मीना सेठ आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में इंस्ट्रूमेंटल फ्रीक की धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में इंस्ट्रूमेंटल फ्रीक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिने जगत के दो वर्गों में विभाजित थी। वर्ग एक जूनियर वर्ग तथा वर्ग दो सीनियर वर्ग। निर्णायक मण्डल की भूमिका में श्री नीतिश बिष्ट और श्री दीपांशु शर्मा जैसे आदि वाद्य यंत्रों का वादन किया। जूनियर वर्ग में भिन्न-भिन्न वाद्य यंत्रों के वादन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी निम्न प्रतिभागियों ने प्राप्त किया। भाकुनी, तृतीय मेहुल जोशी, की-बोर्ड में प्रथम केशव वशिष्ठ, द्वितीय रिद्धिमा अग्रवाल, तृतीय राघव नैनवाल एवं तनिष्क भट्ट, ड्रम्स में प्रथम भव्य भट्ट, द्वितीय आदित्य नैनवाल, तृतीय सिद्धि बोरा, तबला में प्रथम आदित्य जोशी, द्वितीय चिन्मय नरियाल, तृतीय देवांश जोशी, गिटार में प्रथम आदित्य सिंह, भट्ट, द्वितीय गौतम देऊपा, तृतीय रमणिका जोशी रहे। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रबंधिका महोदया ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया







संगीतज्ञ नीतिश बिष्ट, दीपांशु शर्मा, विद्यालय की प्रबंधिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को प्रतिस्पर्धा के रूप में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता उपस्थित रहे। जूनियर वर्ग में सभी प्रतिभागियों ने पाद्य यंत्र कला में अपना अनूठा प्रदर्शन किया। साथ ही सीजियर वर्ग के सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों ने तबला, गिटार, सेक्सोफोन, हारमोनियम, ड्रम हारमोनियम में प्रथम आराध्या पाण्डे, राईली सिंह, द्वितीय प्रियांशी कोरंगा, तृतीय मनोकृति पाण्डेय, तबला में प्रथम प्रियांश भट्ट, द्वितीय निखिल जोशी, तृतीय दक्ष कार्की एवं सार्थक सिंह, गिटार में प्रथम नील वर्मा, क्लेप बॉक्स में प्रथम हर्षवर्द्धन राठौर, द्वितीय अपूर्व द्वितीय प्रत्युष बिष्ट, सेक्सोफोन में प्रथम रूद्र शर्मा, द्वितीय शिवम आर्या, तृतीय लक्ष्य बुधलाकोटी रहे। इसी क्रम में सीनियर वर्ग में भिन्न-भिन्न वाद्य यंत्रों के वादन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी निम्न प्रतिभागियों ने प्राप्त किया। हारमोनियम में प्रथम आरूषी चंद्रा, द्वितीय शिवांश बिष्ट, तृतीय अक्षत खर्कवाल, क्लेप बॉक्स में प्रथम अयान सोलोमन, द्वितीय अर्जुन पछाई, तृतीय कोमल रावत, की-बोर्ड में प्रथम वंश पाठक एवं हर्षित सिंह, ड्रम्स में प्रथम स्वास्तिक गोस्वामी, द्वितीय भव्य पाण्डे, सेक्सोफोन में प्रथम अदिति तथा प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों को व प्रतिभागियों का अपने अनमोल वचनों से उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्राएँ सुमेघा व यशस्वी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संगीत विभाग तथा सुश्री स्मिता पंत द्वारा किया गया।

# गैरसैंण में पत्रकारों के लिए बनेगा रेस्टहाउस



गैरसैंण (उद संवाददाता)। यहां स्थित मुख्यमंत्री आवास में जनपद चमोली के विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की मांग पर गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में पत्रकारों के लिए रेस्ट हाउस बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने महानिदेशक सूचना को निर्देशित किया कि इस संबंध में तत्काल कार्ययोजना तैयार किया जाए। कहा कि गैरसैंण को योग, ध्यान, अध्यात्म के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सचिव संस्कृति एवं धर्मस्व हरिचन्द्र सेमवाल को निर्देश दिए कि गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में मां भराड़ी देवी का भव्य मंदिर बनाया जाए और इसके लिए स्थानीय जनता व हितधारक तीर्थ पुरोहितों के सुझाव लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गैरसैंण का सर्वांगीण विकास हो। इसके लिए गैरसैंण भवन में सालभर विभिन्न प्रशिक्षण, वर्कशॉप, सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि गैरसैंण में सालभर चलने वाले कार्यक्रमों के लिए सचिव स्तर के अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, चमोली जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष देवेन्द्र रावत,वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट, रजपाल बिष्ट, दिनेश थपलियाल और जगदीश पोखरियाल उपस्थित रहे।

# गदरपुर में मीडिया क्लब की ओर से कृष्ण बनो प्रतियोगिता 25 को



गदरपुर(उद संवाददाता)। मीडिया क्लब द्वारा 25 अगस्त को श्री कृष्णा बनो प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारिया बड़ी धूमधाम से की जा रही है जिसमें फर्स्ट,सेकेंड, और थर्ड आने वाले कृष्णा विजेता को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल के नेतृत्व में 25 अगस्त को कृष्णा बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 5 से 7 साल तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं जिसमें फर्स्ट प्राइज 5100 रू सेकंड प्राइस 2100 रु और थर्ड प्राइस 1100 रु पुरस्कार के रूप में विजेता बच्चों को दिया जाएगा मुकेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है रजिस्ट्रेशन के लिए मीनू पाल क्वीन ब्यूटी पार्लर मोबाइल नंबर 9837958137 वह निशांत सिंगल अर्पण फाउंडेशन मोबाइल नंबर 9058002626 व विपुल प्रजापति 84 455 58618 और किशन गुप्ता 8273111503 को बच्चों का आधार कार्ड लेकर संपर्क करें और निशुल्क रजिस्ट्रेशन कराए उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 25 अगस्त शाम 4:00 बजे से 7 बजे तक रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में आयोजित होगी उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की है कि अपने बच्चों को कृष्ण बना प्रतियोगिता में लेकर जरूर आए।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के संबंध में दिए गए निर्णय को शीघ्र लागू करने की मांग



किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिला अध्यक्ष नितिन चरण वाल्मीकि ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित कर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के संबंध में दिए गए निर्णय को अति शीघ्र लागू करने की मांग की है। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज संगठन के जिला अध्यक्ष द्वारा उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र के माध्यम से एक ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रेषित कर मांग की है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आरक्षण के संबंध में दिए गए निर्णय के तहत वर्गीकरण करते हुए आरक्षित कोटे का वर्गीकरण करने का जो निर्णय लिया है उसे लागू किया जाए। जिससे आरक्षण के लाभ से वंचित वर्ग को संविधान के तहत लाभ मिल सके और दबे कुचले वर्ग का उत्थान हो सके। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि उत्तराखंड की अधिकांश अनुसूचित जाति जनजाति सहित तमाम पिछड़ा वर्ग आज भी दबा कुचला है जिसका कि हक अभी तक आम आदमी को नहीं मिल पाया है। आगे कहा गया है कि आरक्षण के वर्गीकरण से जिन लोगों का अभी तक उत्थान नहीं हुआ है उनका भी उत्थान होगा तथा समाज में एकरूपता आएगी और प्रत्येक व्यक्ति का जीवन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधानके तहत हो सकेगा।

# पूर्व दर्जा मंत्री के प्रयासों से उडियारी पहुंचा गैस वितरण वाहन



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के प्रयासों से ग्रामसभा उडियारी में गैस वितरण वाहन पहुंचा तथा अपनी ग्रामसभा में ही ग्रामीणों को गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सका जिससे ग्रामवासियों की वर्षों से चली आ रही समस्या को समाधान हुआ तथा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।विदित हो कि इससे पूर्व भी पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के प्रयासों से घुरसों,छाना,घनेली आदि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस वितरण वाहन पहुंचा है।इसी क्रम में कुछ दिन पूर्व ग्रामसभा उडियारी के ग्रामीण पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कार्यालय में पहुंचे थे तथा उनकी ग्रामसभा उडियारी में गैस वितरण वाहन उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों ने कहा था कि घरेलू गैस सिलेंडर भरवाने के लिए उन्हें कई किलोमीटर दूर की दौड़ लगानी पड़ती है जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ तो पड़ता ही है साथ ही समय की भी बर्बादी होती है।इस पर पूर्व दर्जा मंत्री के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कुमाऊं मण्डल विकास निगम के अधिकारियों से वार्ता की गयी और अविलंब रोस्टर के आधार पर ग्रामसभा उडियारी में गैस वितरण वाहन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में वार्ता की। पूर्व दर्जा मंत्री के प्रयासों का असर हुआ और ग्रामसभा उडियारी में गैस वितरण वाहन पहुंचा जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।गैस वितरण वाहन के उडियारी ग्राम सभा पहुंचने पर क्षेत्र वासियों ने श्री कर्नाटक का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया समस्त ग्राम वासियों का इस कार्य के लिए तहे दिल से आभार प्रकट करते हैं ।इस अवसर पर इंडेन गैस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त जितेन्द्र काण्डपाल,विनीत कांडपाल, प्रवीण पंत, रेखा पंत,विमला पंत,बबीता पंत,गोकुल पंत,दिनेश पंत,सुनील पंत, विनोद पंत,मीना आर्या,नवीन आर्या ,बनती आर्या, भानु आर्या,लोकेशआर्या, अमितआर्या,सत्यम,भास्कर,योगेश,मनोज ,पुष्पा देवी आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे

# स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की लापरवाही से हुआ हादसा: खेड़ा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भूरारानी के निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि रुद्रपुर में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और बीते दिवस जिस प्रकार से सड़क हादसे में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी वह बेहद दर्दनाक है। उन्होंने कहा



कि ऐसी दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा ।जारी बयान में खेड़ा ने कहा कि गत दिवस एक सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई जो दिखाता है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से घोर लापरवाही की गई है ।उन्होंने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा यदि मध्य रात्रि जिला अस्पताल के चिकित्सक उसे महिला को वापस नहीं भेजते तो यह सड़क हादसा नहीं होता ।उन्होंने कहा कि सड़क हादसे से पूर्व मृतकों के परिजनों ने लगातार 108 एंबुलेंस को फोन किया ,लेकिन 108 एंबुलेंस ने फोन नहीं उठाया। यदि 108 एम्बुलेंस वहां पहुंच जाती तो यह भीषण सड़क हादसा नहीं होता। उन्होंने कहा की लंबे अरसे से अंडरपास बनाए जाने की मांग की जा रही है लेकिन जिला प्रशासन बेवजह अंडर पास निर्माण कार्य को रोके हुए हैं, अंडरपास बनने के कारण जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, न्यायालय आदि की दूरी बहुत कम हो जाती है अंडरपास ना बनने का कारण भूरारानी से जिला अस्पताल या जिला मुख्यालय में आने के लिए कई किलोमीटर घूम के आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जल्द अंडरपास का निर्माण करायें और सड़क हादसों पर अंकुश लगाए अन्यथा कांग्रेस आन्दोलन को बाध्य होगी।

# सीडीओ ने किया हिमदर्शिया स्वायत्त सहकारिता का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने द्वाराहाट ब्लॉक के मजखाली में स्थित ग्रोथ सेंटर का दौरा कर हिमदर्शिया स्वायत्त सहकारिता का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सचिव ग्राम्य विकास विभाग राधिका झा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किया गया। हिमदर्शिया स्वायत्त सहकारिता स्थानीय



उत्पादों के विकास और विपणन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सहकारिता द्वारा मंडुवा, दाले, और मसाले जैसे स्थानीय उत्पादों को सीधे स्थानीय समूहों से क्रय कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल से न केवल स्थानीय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है, बल्कि क्षेत्रीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिल रहा है और समग्र विकास को भी गति मिल रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारिता के इन प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने और विपणन रणनीतियों को अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगी, जिससे इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

# लापता किशोरी को युवक के साथ किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

खटीमा(उद संवाददाता) उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे एक गांव से लापता किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। किशोरी को ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार किशोरी 30 जुलाई को घर से आय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील आई थी, तभी से लापता चल रही थी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में 12 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज की थी। इस बीच पुलिस को जांच-पड़ताल में पता चला कि वह गदरपुर में है। इस पर सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने मंगलवार को टीम के साथ उसे बनगवां निवासी जुगराज सिंह के साथ गदरपुर के सकैनिया से बरामद कर लिया। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि किशोरी के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के विरुद्ध बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रेप पीड़िताओं को इंसाफ

कोलकाता के बाद अब महाराष्ट्र के बदलापुर में यौन उत्पीड़न के खिलाफ जनाक्रोश उभरा है। वहां के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आने पर लोगों का रोष फट पड़ा। हालांकि राज्य सरकार ने तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच दल गठित कर दिया, मगर प्रशासन के रवैए पर प्रश्नचिह्न बना हुआ है। घटना आठ-नौ दिन पहले की है। जब बच्चियों के परिजनों को पता चला कि स्कूल के ही एक कर्मचारी ने उनका यौन उत्पीड़न किया है, तो उन्होंने पुलिस के पास संबंधित मामले की प्राथमिकी दर्ज करानी चाही। मगर पाक्सो अधिनियम का मामला होने के बावजूद उनकी शिकायत लिखने में टालमटोल की गई। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। यही रवैया कोलकाता मामले में भी देखा गया था। वहां भी प्राथमिकी देर से दर्ज कराई गई। पिछले करीब एक पखवाड़े से देश के विभिन्न हिस्सों से बलात्कार, यौन उत्पीड़न और नृशंस हत्या की घटनाएं रोज ही सामने आ रही हैं। बदलापुर के बाद अकोला में भी छह बच्चियों के यौन शोषण का मामला उजागर हो गया। ऐसी घटनाओं से महिला सुरक्षा को लेकर बने कानूनों और प्रशासनिक सतर्कता पर स्वाभाविक ही सवाल गहरे हुए हैं। बलात्कार, डरा-धमका कर किए जाने वाले यौन शोषण, राह चलते छेड़खानी आदि के खिलाफ कड़े कानून हैं, मगर आपराधिक वृत्ति के लोगों में उनका खौफ इसलिए नहीं पैदा हो पा रहा कि उन कानूनों पर संजीदगी से अमल नहीं हो पाता। ऐसे मामलों में पुलिस का रवैया प्रायः टालमटोल का ही देखा जाता है। अगर यौन उत्पीड़न का मामला समाज के निचले कहे जाने वाले वर्ग की महिला से जुड़ा हो, तो पुलिस का प्रयास अक्सर समझा-बुझा कर रफा-दफा करने का होता है। निर्भया कांड के बाद महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न से संबंधित कानूनों को काफी सख्त बनाया गया था। बाल यौन उत्पीड़न से जुड़े पाक्सो कानून में तो तत्काल गिरफ्तारी और जमानत तक न मिलने का प्रावधान है। मगर इन कानूनों का ठीक से पालन न हो पाने के कारण ऐसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि समाज में बढ़ती यौन विकृति और हिंसक वृत्ति की अनेक वजहें हैं, जिनमें से इंटरनेट पर परोसी जाने वाली उत्तेजक और हिंसापूर्ण सामग्री का बड़ा योगदान है। इसलिए ऐसी सामग्री पर रोक लगाने के उपाय करने की मांग उठती रही है। मगर, प्रशासनिक शिथिलता इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार मानी जा सकती है। हमारे देश में यौन उत्पीड़न के बहुत सारे मामलों में परिजन खुद चुप्पी साध जाते हैं। जो मामले पुलिस तक पहुंचते भी हैं, उनमें दोषियों को सजा दिलाने में तत्परता नहीं दिखाई जाती। जांच और गवाहियों में वर्षों लग जाते हैं। बहुत सारे मामलों में पुलिस का रवैया पक्षपातपूर्ण देखा जाता है। इसलिए चर्चित मामलों में भी न्याय मिलने में लंबा वक्त लग जाता है। करीब बत्तीस वर्ष पहले हुए अजमेर के ऐसे ही यौन उत्पीड़न मामले में अब दोषियों को सजा सुनाई जा सकी है। उसमें डरा-धमका कर सौ महिलाओं का यौन शोषण किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिनमें लोगों का गुस्सा फूटा, उन्हें लेकर खूब चर्चा हुई, मगर उनमें पीड़िताओं को इंसाफ के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। जब तक ऐसे मामलों में प्रशासनिक जवाबदेही तय नहीं होगी, विकृत मानसिकता के लोगों पर लगाम कसना कठिन बना रहेगा।

# समस्याओं के निदान के लिए विधायक पार्वती दास ने स्वास्थ्य मंत्री सौपा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भराड़ीसैंण में उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बागेश्वर विधायक पार्वती दास ने प्रदेश के उच्च शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत जी से भेंट की।और अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान और लम्बित मांगो की पूर्ति के लिए जल्द शासनादेश जारी करने की अपील की।विधायक पार्वती दास ने विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत



खोली में जिला चिकित्सालय के नवीन भवन, काफलीगैर में डिग्री कॉलेज की स्थापना का शासनादेश, जनपद में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति व विद्यालयों के उच्चीकरण के संदर्भ में चर्चा की।जिस पर कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा खोली में जिला चिकित्सालय के नवीन भवन हेतु 100 करोड़ की धनराशि, काफलीगैर में डिग्री कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध करते हुए जल्द शासनादेश जारी करने व जल्द ही जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियक्ति हेतु सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को निर्देशित किया।वही विधायक पार्वती दास ने क्षेत्र के विकास के लिए जल्द ही विभिन्न योजनाओं के विकास के लिए धनराशि जारी होने की बात कही।

# ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता खतरा

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और वायनाड के विभिन्न भागों में हो रही ग्लोबल वार्मिंग और पारिस्थितिकी आपदाओं के कारण सैकड़ों लोगों की जान जाने का खतरा वास्तव में एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न बन गया है, जिसे केंद्र और राज्यों की सरकारों की सक्रिय भागीदारी से शीघ्रता से हल करने की आवश्यकता है, जिसमें बुद्धिजीवियों, पर्यावरणविदों, भूकंप विज्ञानियों, पृथ्वी वैज्ञानिकों, लेखकों, पत्रकारों, विचारकों और सबसे बढ़कर विभिन्न विचारों और विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए। आप इस बात को समझेंगे कि गंगा के बढ़ते प्रदूषण,और ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमालय की अवनति हम सबकी, पूरे देश और विश्व की है, इसलिए यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि उत्तराखंड के जंगलों में बड़े पैमाने पर लगने वाली आग, जो वहां की वनस्पतियों और जीवों को नष्ट कर रही है और उन्हें परेशान कर रही है, तथा वैश्विक तापमान में वृद्धि कर रही है, जिसमें बड़े पैमाने पर वनों की कटाई, अमित्र विकास, नदियों के किनारे रिसॉर्ट, होटल और आवासीय लक्जरी आवास का निर्माण, सभी निर्धारित सरकारी मानदंडों का उल्लंघन करना और अत्यधिक बारिश और बादल फटने के दौरान अचानक आने वाली बाढ़ का आसान शिकार बनना आदि शामिल हैं, जो मानव और पशु मृत्यु का कारण बन रहे हैं और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उत्तराखंड में बादल फटने, अत्यधिक बारिश, सड़क या सुरंग निर्माण गतिविधियों के दौरान जलभृतों के फटने और सड़क चौड़ीकरण गतिविधियों के दौरान डायनामाइट विस्फोट के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है, जिससे पहले से ही कमजोर पहाड़ अंदर से खोखले हो गए हैं, जिसमें ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक भूमिगत रेलवे के लिए पहाड़ियों के अंदर 75% सुरंगों का निर्माण और बड़े पैमाने पर लाखों पूर्ण विकसित पेड़ों को काटना शामिल है, जिसने वास्तव में उत्तराखंड के पहाड़ों और अन्य राज्यों के पहले से ही कमजोर पर्यावरण और पारिस्थितिकी को परेशान और नष्ट कर दिया है।बड़े पैमाने पर वायनाड में पारिस्थितिकी विनाश, बड़े पैमाने पर मानव निर्मित प्रकृति के आक्रमण के कारण क्रोधित प्रकृति का एक और हालिया परिणाम है, जहां सैकड़ों निर्दोष लोग प्रकृति के क्रोध का शिकार हुए हैं। अगर हम विशेष रूप से उत्तराखंड का मामला लें, तो बड़े पैमाने पर भूस्खलन और तीन हजार से अधिक गांवों के भूतिया गांवों में बदल जाने के अलावा, जिसमें हाल ही में टिहरी गढ़वाल के घनश्याली में दो गांवों में हुई प्राकृतिक आपदा में कई गांवों का सफाया हो जाना शामिल है, ये सभी निकट भविष्य में होने वाले बड़े पैमाने पर पारिस्थितिकी विनाश के स्पष्ट संकेत हैं। उत्तराखंड हिमालय में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, गौमुख ग्लेशियर भी तेजी से पिघलकर 40 किलोमीटर पीछे चला गया है, पर्यावरण के लिए सबसे प्रतिकूल तरीके से बनाए जा रहे सभी मौसम सड़कों के मार्गों पर भूस्खलन नौ स्थानों पर हुआ है, जहां कई बिंदुओं पर पहाड़ी भागों सहित केदारनाथ तक का पूरा राजमार्ग पूरी तरह से बह गया है और दो हजार लोग बारिश के दौरान घंटों तक फंसे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 16 जून 2013 को घटित हुई सर्वाधिक खतरनाक पारिस्थितिकी आपदा , जिसमें दस हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हुई तथा गढ़वाल और कुमाऊं के अनेक गांव उजड़ गए,ऋषि गंगा आपदा जिसमे निर्माणाधीन बाँध क्षतिग्रत हो गया और २०० लोग मारे गए , क्षतिग्रस्त हुए लगभग 200 गांवों का पुनर्निर्माण और पुनर्वास नहीं हुआ, यद्यपि तत्कालीन उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि पुनर्निर्माण और पुनर्वास किया जाएगा, के बावजूद केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के आसपास हजारों करोड़ रुपए के बजट से निर्माण कार्य हुआ, जबकि लखनऊ से हमारे भूकंप वैज्ञानिकों, भूविज्ञानियों आदि ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि केदारनाथ परिसर में कोई भी ठोस निर्माण न किया जाए, बल्कि भविष्य में पारिस्थितिकी आपदाओं के आने की स्थिति में होने वाले नुकसान से बचने के लिए पूरे कस्बे को उनके द्वारा चुने गए किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि भविष्य में ईश्वर न करे, केदारनाथ में 2013 में हुई आपदा के बराबर कोई और पर्यावरणीय आपदा आती है, तो केदारनाथ परिसर में बढ़ते निर्माण और मानवीय उपस्थिति को देखते हुए और भी अधिक विनाशकारी मुद्दे सामने आएंगे, क्योंकि हर मौसम में पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़कर लगभग 6 - आठ लाख हो जाती है, तथा वाहनों, चार पहिया और दो पहिया वाहनों से बेहिसाब मात्रा में ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं, जिनमें हेलीकॉप्टरों द्वारा बार-बार उड़ान भरने से ध्वनि प्रदूषण भी शामिल है, जो पर्यावरण को नष्ट और प्रदूषित करते हैं। दुर्भाग्य से उत्तराखंड आज बड़े पैमाने पर सड़क दुर्घटनाओं का भी शिकार है, जिसमें आदमखोरों के हमलों से होने वाली मौतें भी शामिल हैं। निष्कर्षतः, जोशीमठ में इसके धंसने, बड़े पैमाने पर प्रदूषण, ग्लेशियरों के पिघलने, ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि, गर्मियों के दौरान जंगलों में भीषण आग और लाखों कांवड़ यात्रियों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों द्वारा प्लास्टिक की बोतलें, पुराने कपड़े और गंदगी पीछे छोड़ जाने के कारण गंगा का अत्यधिक प्रदूषण का शिकार होना, पर्यावरणीय आपदाओं के खतरे ने हमारी सत्तारूढ़ पार्टी की सरकारों, विपक्षी दलों, बुद्धिजीवियों, पृथ्वी वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों आदि के लिए एक मंच पर आना और हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की भारी संख्या सहित बड़े पैमाने पर बढ़ते पैदल यात्रियों पर नियंत्रण लगाने के लिए एक विश्वसनीय नीति तैयार करना अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए , साथ ही पर्यावरण के लिए हानिकारक विकास पर कड़ी निगरानी और नदी के किनारे निर्माण पर कानूनी रोक लगानी चाहिए। इससे भी अधिक आश्चर्य जनक और चौंकाने वाली बात यह है कि हमारे पास सत्तारूढ़ राजनीतिक व्यवस्था के पांच लोकसभा , ३ राज्य सभा सांसद हैं, भगवा पार्टी ( भाजपा) तीसरी बार चुनी गई है, लेकिन वे संसद में उत्तराखंड के पहाड़ों में भारी तबाही के महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने के बजाय राष्ट्रीय राजधानी में स्वागत समारोहों में भाग लेने और फूलमालाएं और गुलदस्ते स्वीकार करने में व्यस्त हैं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और लगातार पर्यावरणीय आपदाओं में कई गांव, सड़कें नष्ट हो गईं। इसके अलावा इतनी बड़ी तबाही के बाद स्थिति से निपटने के लिए मात्र 315 करोड़ रुपये का आवंटन भी बहुत कम लगता है। प्रधानमंत्री की वायनाड यात्रा की सभी लोग सराहना कर रहे हैं, यहां तक घ्घकि वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी भी, लेकिन न तो प्रधानमंत्री महोदय या एक भी केंद्रीय मंत्री ने हिमालयी राज्य के पीड़ितों की आहत भावनाओं पर मरहम लगाने के लिए आज तक उत्तराखंड के पारिस्थितिक आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे विपक्ष को विश्वास में लेना चाहिए और हमारी मानवता को विलुप्त होने से बचाने के लिए तेजी से बिगड़ते पर्यावरणीय स्थिति और पिघलते ग्लेशियरों को रोकने हेतु आगे आना चाहिए । पिछले दिनों उत्तराखंड सदन में टिहरी विधायक द्वारा बुलाई गई बैठक आयोजित की गई। बैठक उत्तराखंड में पर्यावरण क्षरण और बड़े पैमाने पर पारिस्थितिकी विनाश पर थी, जहां इस लेखक सहित अधिकांश वक्ताओं ने उत्तराखंड की लगातार सरकारों की विभिन्न कमियों पर विस्तार से बात की, जिसमें नदियों के किनारों पर अवैध निर्माण, बड़े पैमाने पर वनों की कटाई, पर्यावरण के अनुकूल विकास, सभी मौसम की सड़कों की परियोजनाओं में कई कमियां और ऋषिकेश से कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना में हमारे पहले से ही कमजोर पहाड़ों को अंदर से 75% तक खोखला करना शामिल है, जिसमें गर्मियों के दौरान भीषण आग लगना और वनस्पतियों और जीवों का भारी विनाश और वनों की कटाई आदि शामिल हैं। जब इस पत्रकार ने हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने और बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग तथा इसके घातक परिणामों पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया तो उसका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया, क्योंकि आयोजक व्यक्तिगत रूप से इस पर चर्चा करना चाहते थे। यह पत्रकार ईमानदारी से चाहता था कि चूंकि हिमालय और गंगा के पर्यावरण और पारिस्थितिकी का क्षरण सभी के लिए चिंता का विषय है, इसलिए इस महत्वपूर्ण चर्चा में सभी राजनीतिक दलों और हितधारकों को शामिल क्यों न किया जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे का एक निश्चित संचयी समाधान निकाला जा सके, लेकिन वे इसे व्यक्तिगत रूप से करना चाहते थे।

**-सुनील नेगी, वरिष्ठ पत्रकार**

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय से निस्तारण करें : डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता) ।सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का सम्बंधित विभाग प्राथमिकता के तहत संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करें। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल को नियमित लॉगिंग कर शिकायकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर उनसे फोन पर बात करें। मंगलवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जिला सभागार में सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विद्युत, संस्कृति, पीएम जीएसवाई, आरईएस के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नही होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही लंबित शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को सी एम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का तेजी के साथ समाधान करने, एल1



एवं एल 2 पर लंबित शिकायतों को निर्धारित समय अवधि के भीतर निस्तारण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। सीएम हेल्पलाईन में वर्तमान तक कुल 301 शिकायते एवं समस्याएं दर्ज है। जबकि सीएम जन समर्पण पोर्टल पर 136 शिकायतें दर्ज है।जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने एक अन्य बैठक में पीएमश्री योजना के तहत विद्यालयों की समीक्षा की। सीडीओ ने पीएमश्री विद्यालयों में बच्चों को उच्च गुणवत्ता शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अच्छे लेखकों की पुस्तकों का क्रय किया जाए। ताकि वहां पढ़ रहे बच्चों को इसका लाभ मिल सके। स्कूलों में किचन गार्डन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। बच्चों को फुटबॉल, बॉलीबाल आदि खेल के प्रति भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप जिलाधिकारी मोनिका आर्या, अनुराग आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरीश पोखरिया, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी,जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह,परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हयात सिंह परिहार,ईई जल संस्थान सीएस देवड़ी,जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार : फर्स्वाण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भयंकर बरसात में नाकुरी पट्टी के गांव सकन्यूडा निवासी ललित राम पुत्र स्व तुला राम एवं पार्वती देवी पत्नी हरीश राम पटवारी क्षेत्र महरूड़ी तहसील कांडा का मकान दैवीय आपदा के भेट चढ गया। ललित राम को भाई के मकान में शिफ्ट किया गया है।जबकि आपदा प्रबंधन विभाग जिला प्रशासन द्वारा गरीब तबके के अनुसूचित वर्ग के ललित और पार्वती देवी के घर मे भीषण बारिश के बाद मकान क्षतिग्रस्त होने के बाद गरीबी की हालत में कोई सरकारी लाभ और आवास की व्यवस्था नही हो पाने पर पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण ने नाराजगी जताते हुए शीघ्र बेहद गरीब तबके के लोगों को सरकार से शीघ्र आवासीय मकान और मवेशियों के लिए गौशाला का निर्माण किए जाने की मांग की है।कहा कि गत वर्ष की आपदा में पार्वती देवी का मकान



क्षतिग्रस्त होने के बाद अब तक मकान नही मिल पाने के साथ गरीबी वर्ग के लोगों को उनके परिवार को भरण पोषण सहित पक्का आवासीय मकान प्रभावित परिवारों को देने की मांग की है।पूर्व विधायक ने प्रशासन की अनदेखी के चलते पार्वती देवी को भी पड़ोसी और ग्राम प्रधान द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की है,आपदाग्रस्त लोगों को ग्रामीणों द्वारा किराए में व्यवस्था की जा सकती है पर जानवरो की व्यवस्था कैसे होगी ये विचारणीय है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने सरकार से गरीबों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए होने वाले नुकसान में मलुवे के निस्तारण और पक्के आवास के लिए होने वाले खर्च की धनराशि देने की अपील की है।कहा कि आपदा में मिलने वाली राशि से हुए नुकसान में मलुवे के निस्तारण की ही व्यवस्था नही हो पाती है जबकि गरीब तबके के लोग मुवावजे के लिए सरकारी कार्यालयों के ही चक्कर काटकर परेशान हो जाते हैं।इसलिए सरकार द्वारा आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए उचित व्यवस्था की मांग की है।

# आधार केंद्रों का प्राथमिकता के साथ संचालन करने के दिए निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने बुधवार को जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि आधार केंद्रों का प्राथमिकता के साथ संचालन किया जाय। साथ ही शून्य से 5 साल के बच्चों के आधार कार्ड बनाने में तेजी लाने के साथ ही 18 साल तक के नागरिकों की बायोमेट्रिक कराने और आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षित करने, आधार केंद्र संचालित नहीं होने या आधार बनाने व नाम सुधारने के लिए आ रही समस्याओं का तुरन्त समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी व बाल विकास अधिकारी को जिले में बंद पड़े आधार सेंटरों को संचालित करने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एडीएम ने लोगों को आधार बनवाने या सुधारने में किसी प्रकार



की दिक्कत न झेलनी पड़े। उन्होंने पोस्ट ऑफिस, ग्रामीण और इंडियन बैंक को आवंटित आधार मशीन से नागरिकों के आधार अपडेशन आदि कार्यों को प्राथमिकता के तहत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को जहां मशीनों का संचालन नहीं हो रहा हो उनका सत्यापन कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।एडीएम ने कहा यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 10 साल से ज्यादा समय पहले बनवाए गए आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करवाने की सुविधा दी हुई है और इसकी अंतिम तिथि 14 सितम्बर 2024 है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष से अपडेट नहीं हुए हैं वह 14 सितंबर तक निःशुल्क https://my aadhaar. uidai .gov.in/du/en पोर्टल के माध्यम से अपडेट करवा लें, जिससे कोई समस्या का सामना न करना पड़े।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित बहुगुणा, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनु नगरकोटी समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 18-20 अक्टूबर को

देहरादून(उद संवाददाता)। वीर गोर्खा कल्याण समिति देहरादून द्वारा तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली सांस्कृतिक महोत्सव 2024 का आयोजन 18-20 अक्टूबर को महेंद्र ग्राउंड, (जसवंत मैदान) गढ़ी कैंट देहरादून में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी वीर गोर्खा कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में दी गई, जिसमें वीर गोर्खाकल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने अपने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हम गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 2024 का आयोजन 18 - 20 अक्टूबर को करने जा रहे हैं, इस आयोजन में पिछले साल से बेहतर तैयारी की जा रही है एवं उत्तराखंड के लोगों को हर वर्ष की भाँति इस साल भी गढ़वाली, कुमाऊनी एवं नेपाली संस्कृति की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी! वहीं यहां पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स झुला लगाए जाएंगे जहां पर देहरादून के लोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं एवं त्योहारों की खरीदारी भी कर सकते हैं। इस बैठक में वीर गोर्खा कल्याण समिति के संरक्षक पूर्व जी एम जलबीधुत निगम ई० मेघ बहादुर थापा , समिति के अध्यक्ष ख्र कमल थापा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष- श्रीमती उर्मिला तामाङ ,उपाध्यक्ष- , महासचिव- विशाल थापा, कोषाध्यक्ष टेकु थापा, सचिव- देविन शाही,सह -सचिव श्रीमती आशु थापा, संगठनमंत्री लोकेश बन सोनु गुरूगं,श्रीमती सोना शाही , एन बी थापा , बुद्धेश राई,यामु राना श्रीमती कर्मिता थापा, मीन गुरगं , बबिता गुरंग, जोती राना, तुला राना और महंत हेमराज शामिल हुए।

# पूर्व सैनिको के पुत्रो का भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर 26 अगस्त से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व सैनिको के पुत्रो को सेना अर्द्धसैनिक बलो एवं पुलिस बल में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए आगामी 26 अगस्त से 20 अक्टूबर तक (56 दिन) राज्य सैनिक विश्राम गृह, 15 सी कालीदास मार्ग हाथी बड़कला देहरादून में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास देहरादून द्वारा राज्य के पूर्व सैनिको के आश्रित पुत्रो को सेना अर्द्धसैनिक बलो में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर अपने दस्तावेज जमा करे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिये आयु 17 से 21 वर्ष तक, शैक्षिक योग्यता 10वी पास 45 प्रतिशत अंको के साथ, वजन 46 किग्रा. व सीना 77/82 सेमी. आवश्यक है। जो दस्तावेज जमा कराए जाने हैं उनमें चिकित्सा प्रमाण पत्र (सरकारी अस्पताल द्वारा), पिता की डिस्चार्ज सार्टिफिकेट में पुत्र का नाम होना अनिवार्य है, अभिलेख कार्यालय से जारी आश्रित प्रमाण पत्र, 10 वीं पास की मार्कसीट या सार्टिफिकेट जिसमे जन्मतिथि अंकित हो, इंडिमिनिटी बॉन्ड फार्म, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ शामिल हैं।

## पेज एक का शेष...

**मित्र पुलिस ने कोतवाली में......**मध्य शांति स्थापित करने की बजाय के बजाय पीड़ित पक्ष के लोगों को ही धुनक के रख दिया। हालांकि सामने आए वीडियो में पीड़ित पक्ष के साथ पुलिस की केवल झूमा झटकी ही दिखाई दे रही है, फिर भी यह सवाल अपनी जगह मौजूद है कि क्या छेड़छाड़ और लज्जा भंग की कोशिशो के विरुद्ध फरियाद लेकर पहुंची पीड़िता और उसके घायल परिजनों के साथ ऐसी पुलिसिया झूमा झटकी जायज है ? होना तो यह चाहिए था, कि कोतवाली पुलिस सहानुभूति पूर्वक पीड़िता की फरियाद सुनती और उसके आहत मन पर संवेदना का मरहम लगाती। मगर हुआ उसके ऐन उलट। खैर ! पुलिस तो गरीब गुरबा की माई- बाप है, इकलौता सहारा है, इसलिए गरीब जनता के साथ वह चाहे जैसा भी सुलूक करे , फिर भी ऐसे समय जबकि कोलकाता की एक घटना से पूरा देश उबल रहा है और एक नर्स की बर्बर हत्या से समूचे रुद्रपुर में आक्रोश है, पुलिस से इतना तो अपेक्षित है कि वह मातृशक्ति के प्रति दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाना भले ही पूरी तरह बंद ना करे , पर कम तो कर ही दे। बहरहाल कोतवाली में दो पक्षों के बीच हुए हंगामे की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब वायरल हो रही है और कोतवाली पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर रही है।

**अतिक्रमण हटाने की मुनादी से.........**में अपनी मांगों को रखने के लिए समय भी नहीं देना चाहता। आगामी त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों अधिक समय को दिया जाए। गौर तलब है कि जिला प्रशासन ने नैनीताल रोड के चौड़ीकरण के लिए सिंधी चौराहे से रोडवेज तक और मंगलपड़ाव तक कई सरकारी अतिक्रमण हटाया था। सड़क के दोनों ओर स्थित 101 दुकान, भवन, प्रतिष्ठान, एक धार्मिक स्थल के स्वामियों व प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन कुछ व्यापारियों व निजी प्रतिष्ठान स्वामियों ने अतिक्रमण हटाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गठित कमेटी ने 92 लोगों को अतिक्रमणकारी माना था व प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्वय अपना अतिक्रमण हटाने को कहा था। लेकिन कुछ व्यापारियों व निजी प्रतिष्ठान स्वामियों ने अतिक्रमण हटाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। मंगलवार को हाईकोर्ट ने व्यापारियों और निजी प्रतिष्ठान स्वामियों को दिए स्टे को रद्द कर दिया था। स्टे रद्द होने के बाद अब नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को 23 अगस्त तक स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा और लोनिवि के ईई अशोक कुमार की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा गया है कि 23 अगस्त तक अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में प्रशासन स्वयं कब्जे हटाएगा। मुनादी करने के बाद से अतिक्रमण की जद में आ रहे सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और उन्हें अपने परिवार के भविष्य की चिंता सताने लगी है। प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, अमरजीत सिंह चड्ढा, गोविंद बगड़वाल, दलजीत सिंह दल्ली, प्रेम चौधरी, अतुल गांधी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

**आपत्तिजनक टिप्पणी पर ......**मीडिया के माध्यम से एक वीडिसो क्लिप देशभर में तेजी से वायरल हो रहा है। खुद को रामगिरी महाराज कहने वाला व्यक्ति इस वीडियो क्लिप में पैगम्बर-ए- इस्लाम की शान में गुस्ताखी करता दिखाई सुनाई दे रहा है। इससे न केवल मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है बल्कि देशभर में साम्प्रदायिक माहौल खतरे में पड़ गया है।यह भी संज्ञान में आया है कि रामगिरी महाराज नामक इस व्यक्ति ने महाराष्ट्र के नासिक जिले में सिन्नर इलाके में शाह पंचाले गाँव में आयोजित एक कार्यक्रम में यह अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की है। इसके बाद रामगिरी के विरूद्ध अब तक कई एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बावजूद अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से इस प्रकरण में कार्यवाही सुनिश्चित कर अपने स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है। इस दौरान मौलाना अब्दुल रहमान, नौशाद, नसीम, हफीज रजा, मुसीब, हसीर रजा, फरमान रजा, मो. नावेद, फैजान रजा, गुलफाम, अशरफ सुलतान, अखलाक, अजीम, तालिब, दानिश व राजिद आदि मौजूद थे।

**ईडी के खिलाफ सड़कों.........**सरकार है जिसने ईडी को एक हथियार बना दिया है। ईडी के अफसरों को भी समझना होगा कि सरकार आती-जाती रहती है। देश मे जो हिटलरशाही है, विपक्ष के नेताओं को दबाने के लिए जो एजेंसी लगाई है, देश की जनता देख रही है।

**कानून व्यवस्था को लेकर........**वन नीति के लिए एक दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाया जाए। उधर सदन में भी विपक्ष ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा। विपक्ष ने नियम 310 के तहत मामले पर चर्चा की मांग की। इस दौरान हंगामा भी हुआ। सत्र के दूसरे दिन दोपहर बाद प्रदेश सरकार पटल पर अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके अलावा तीन और विधेयक भी सदन में आएंगे। सदन में जेल एक्ट में संशोधन विधेयक, जमीदारी एवं भूमि विनाश अधिनियम में संशोधन विधेयक और खेल विवि विधेयक सदन पटल पर रखे जाने हैं।

**बच्चों को स्कूल ले जा रही वैन.......**प्रात: उड़ान प्ले स्कूल की वैन संख्या यूके 06 बीसी 7955 का चालक रोज की तरह छोटे बच्चों को मौहल्ला खेड़ा से लेकर स्कूल की ओर जा रहा था। इसी दौरान मौहल्ले में ही बाईक सवार कुछ युवकों से वैन चालक की किसी बात को लेकर बहस हो गई। आरोप है कि इसके बाद युवकों ने वैन पर पथराव शुरू कर दिया और बड़े बांस से वैन के पीछे से वार कर दिया। जिससे वैन के शीशे टूट गये जिससे वैन में सवार कुछ बच्चों को चोटें भी आ गईं और वह चीख पुकार करने लगे। शोर की आवाज सुनकर मौके पर कई लोग आ पहुंचे और कुछ हमलावर युवकों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधक व पुलिसकर्मी मौके पर आ गये। प्रबंधक द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई। इसी दौरान स्कूल प्रबंधक के साथ हमलावरों तथा घायल हुए बच्चों के परिजन भी रम्पुरा चौकी आ पहुंचे। जहां उनमें सुलह समझौते की बात चल रही थी।

**अवैध वसूली से भड़के ट्रांसपोर्टरो............**में एआरटीओ कार्यालय परिसर पहुंचे जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की और सम्भागीय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। यहां पर अनौपचारिक रूप से सभा भी आयोजित हुई जिसे व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा,कांग्रेस नेता हरीश पनेरू, वाहन यूनियनों से जुड़े लोगों ने सम्बोधित करते हुये फिटनेस सेन्टर के नाम पर हो रही अवैध वसूली के खिलाफ जमकर गुबार निकाला गया। इसके पश्चात सभी प्रदर्शनकारी एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और फिटनेस सेन्टरों की संख्या बढ़ाने और उसमें चल रहे भ्रष्टाचार को खत्म करने को लेकर एआरटीओ(प्रशासन) चक्रपाणि मिश्रा का घेराव करते हुये उन्हे ज्ञापन सौपा। इस दौरान हरीश पनेरू, संजय जुनेजा, संदीप राव, मनोज छाबड़ा,हरीश मुन्जाल, राकेश बब्बर, पंकज बांगा, रोहित बंसल,यमन बब्बर, सुनील गुलेरिया,हरेन्द्र पाल,रवीश फुटेला, खुर्शीद अहमद, सुनील रस्तोगी, अमन पोपली, समीर पाशा, अमित कुमार, सुहेल खान, पंकज गुप्ता, खिलेन्द्र चौधरी, अनिल नाथ तिवारी, हरजीत सिंह,शकील अहमद, आनन्द संधू, पलविन्दर सिंह, राहुल,लवली, सुमित सिंधू, दिलशाद अली, हरप्रीत सिंह, कबीर सिंह, जगप्रीत सिंह, परविन्द्र सिंह, तेजपाल सिंह, संदीप सिंह गिल, अमन दीप सिंह,सुखविन्दर सिंह, इन्द्र जीत सिंह,जगवीर, गजेन्द्र रस्तोगी,धर्मेन्द्र सिंह, कमल जीत सिंह, दीपक मेलकानी,राकेश जोशी,अमित मिश्रा, केदार पलड़िया, मनोज भट्ट, महेश पाण्डे, भारत भूषण, ब्रजेश तिवारी, डीके शर्मा, भूपाल नयाल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कोट भ्रामरी मेले के लिए समितियों का हुआ गठन

गरुड़(उद संवाददाता)।कोट भ्रामरी मेले को इस बार और भी भव्य व दिव्य बनाएंगे। मेले को यादगार बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। यह बात मेला समिति की बैठक में दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कही। मेले को भव्य रूप देने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इस मौके पर मेले को पॉलीथीन व नशा मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। विकासखंड सभागार में ब्लाक प्रमुख व मेलाध्यक्ष हेमा बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेला कमेटी के संरक्षक व दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि मेले की भव्यता और सफल संचालन के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा। मेलाधिकारी व उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन का प्रयोग कदापि नहीं होगा। टैटू बनाने वाले व्यापारियों को बाहर किया जाएगा। आइसक्रीम खोल कर बेची जाएगी। खाने की गुणवत्ता परखी जाएगी। कूड़े के लिए डस्टबिन रखे जाएंगे और कूड़ा इधर उधर न फैले इसके लिए गड्ढा खोदा जाएगा। और कूड़े को उसमें डाला जायेगा।उन्होंने सभी से मेले में बाहर से आने वाले व्यापारियों को अवगत कराने को कहा। अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट ने सभी से मेले में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी समितियों से अपना कार्य करने को कहा। इस मौके पर दर्जनों लोगों को जिम्मेदारी देकर मेले की विभिन्न समितियों का गठन किया गया। संचालन देवेंद्र गोस्वामी ने किया। इस दौरान बीडीओ रमेश सिंह बिष्ट, बीईओ कमलेश्वरी मेहता, जिपंस जनार्दन लोहुमी, ज्येष्ठ प्रमुख बहादुर सिंह कोरंगा, बलवंत भंडारी, घनश्याम जोशी, इंद्र सिंह बिष्ट, ईश्वर सिंह परिहार, प्रेम सिंह नेगी, महेश बिष्ट, कुंदन कबडोला समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जो बंधन मुक्त है वहीं शिव है : पांडेय

गरुड़। तहसील के प्रसिद्ध थानेश्वर शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा जारी है। कथा वाचन करते हुए व्यास पंडित ललित मोहन पांडेय ने कहा कि जो बंधन में है वो जीव है, जो बंधनमुक्त है वहीं शिव है। इस मौके पर प्रस्तुत भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। विशाल भक्त समुदाय को कथा सुनाते हुए व्यास पंडित ललित मोहन पांडेय ने कहा कि सत्य ही शिव है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को प्रत्येक कार्य को सत्यं शिवं व सुंदरं की भावना से करना चाहिए। इस मौके पर भक्तों ने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य यजमान मनीष जोशी, मीना जोशी, मंदिर के अध्यक्ष गोविंद सिंह कठायत, कोषाध्यक्ष वीर बहादुर बुड़ाथोकी, आदि मौजूद थे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गोविन्द बल्लभ से बदलकर गोपाल दत्त (Gopal Datt) कर लिया है, अत: भविष्य में मुझे गोपाल दत्त (Gopal Datt) पुत्र खिमानन्द भट्ट (Kheemanand Bhatt) के नाम से जाना पहचाना जाए ।

वर्तमान पता-दुर्गा स्टेट जयनगर न. 1, पो.आ.- छतरपुर,रुद्रपुर,तहसील रुद्रपुर, उधम सिंह नगर।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पांच मन्दिर में धूमधाम से मनेगा जन्माष्टमी का पर्व

## प्रतिदिन चल रही भागवत कथा, 25 अगस्त को निकलेगी झांकियों की शोभायात्रा,26 अगस्त को सजेगी श्री खाटू श्याम की भव्य झांकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण पांच मन्दिर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा भी चल रही है। यह जानकारी देते हुये श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एड. महेश बब्बर ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पांच मन्दिर में 19 अगस्त से 3.30 बजे से 6.30 बजे तक वृन्दावन से आये प्रतिदिन पं. शास्त्री मनोज पाण्डेय द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की जा रही है। कथा में आज वामन अवतार,श्री कृष्ण जन्म( नंद महोत्सव) ,23 अगस्त को बाललीला एवं गिरिराज छप्पन भोग महोत्सव,24 अगस्त को महारास प्रसंग एवं श्री कृष्ण रूक्मिणी विवाह महोत्सव और 25 अगस्त को सुदामा चरित्र और फूलों की होली के साथ कथा को विश्राम दिया जायेगा। श्री बब्बर ने बताया कि प्रभु श्री कृष्ण की झांकियों की शोभायात्रा 25 अगस्त को सांय 4 बजे से श्री पांच मन्दिर से प्रारम्भ होगी जो पूरे शहर से निकलते हुये पांच मन्दिर में ही पहुंचेगी। श्री बब्बर ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील करते हुये कहा कि जो भी दल शोभा यात्रा में झांकी आदि बनाना चाहता है वह अपना नाम श्री लक्ष्मी नारायण पांच मन्दिर स्थित सभा कार्यालय में दर्ज करवा सकता है। श्री बब्बर ने बताया कि 26 अगस्त को सायं 3.30 बजे से 6 बजे तक फिर रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन सत्संग एवं समधुर संकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री खाटू श्याम जी की भव्य झांकी का शुभारम्भ रात्रि 10 बजे से,श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण का अवतरण दृश्य के साथ ही श्री सनातन धम्र स्त्री सत्संग सभा द्वारा रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म पर बधाई गीत का आयोजन किया जा रहा है। श्री बब्बर ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पश्चात 29 अगस्त को प्रात: 8 बजे हवन एवं दोपहर 1 बजे से लंगर का वितरण किया जायेगा। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर,महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा और कोषाध्य आनन्द कुमार ने सभी धर्म प्रेमी जनता से उक्त सभी आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।




# ठुकराल ने सड़क हादसे को लेकर चिकित्सकों पर लगाया प्रश्नचिन्ह

## विधायक शिव से पीड़ितो को मुआवजा दिलाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस नैनीताल रोड पर हुये हादसे में मारे गये 4 लोगों की मौत पर दुख जताते हुये भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल ने अस्पताल के चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। प्रेस को जारी बयान में श्री ठुकराल ने विगत दिवस नैनीताल रोड पर ई-रिक्शा और कार के बीच हुई दुर्घटना में चार लोगों की मौत पर दुख जताते हुये जिला अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि जिला अस्पताल में 9 माह की गर्भवती महिला को भर्ती कर लिया जाता तो यह बड़ा हादसा होने से बच जाता। श्री ठुकराल ने कहा कि प्रसव की पीड़ा होने पर ही रात्रि करीब 1 बजे गर्भवती महिला अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची थी। ऐसे में जिला अस्पताल मे तैनात चिकित्सकों का भी फर्ज था कि वह उसे भर्ती कर लेते लेकिन चिकित्सकों द्वारा लापरवाही का परिचय देते हुये देर रात्रि 2.30 बजे उसे बरसात के बीच वापिस लौटा दिया गया। जिसके बाद यह हादसा हो गया जिसमें गर्भवती महिला सहित चार लोग काल का ग्रास बन गये। इस हादसे पर शोक जताते हुये श्री ठुकराल ने गैरसैण में चल रहे विधानसभा सत्र में शामिल होने गये क्षेत्रिय विधायक शिव अरोरा से फोन पर वार्ता करते हुये मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग की। जिस पर विधायक शिव अरोरा ने ठुकराल को आश्वस्त करते हुये इस सम्बंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता किये जाने का आश्वासन दिया है।



# रक्षाबंधन पर नगला में बंधा अनोखा प्रेम का धागा

## पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने 600 बहनों से लिया रक्षा का संकल्प

नगला( उद संवाददाता)। राखी का त्योहार, जिसे भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है, नगला में इस बार एक अनोखे अंदाज में मनाया गया। इस अवसर पर, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एक ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने सभी के दिलों को छू लिया और नगला के इतिहास में इसे एक अविस्मरणीय दिन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान, राजेश शुक्ला ने 600 से अधिक बहनों से अपने दोनों हाथों पर राखी बंधवाई।राजेश शुक्ला ने न केवल राखी बंधवाई, बल्कि उन्होंने प्रत्येक बहन को एक पौधा भी भेंट किया। उन्होंने कहा, यह पौधा हमारी भावनाओं का प्रतीक है। जैसे इस पौधे की देखभाल हम करेंगे, वैसे ही मैं आपके रिश्ते की, आपके सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाऊंगा। अपने संबोधन में राजेश शुक्ला ने कहा, जब भी नगला पर कोई विपत्ति आएगी, सबसे पहले आपका यह भाई आपकी रक्षा के लिए सबसे आगे खड़ा मिलेगा। इसके अलावा, राजेश शुक्ला ने नगला के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने कहा नगला को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मैंने नगर पालिका का गठन करवाया है। यह सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं है, बल्कि नगला के हर नागरिक के जीवन में खुशहाली और प्रगति लाने का मेरा संकल्प है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती देवी, फूलवती देवी, मीरा देवी, शीला देवी, शोभा यादव, विमला रावत, देवकी बिष्ट, पुनीता, हेमा जोशी, सीमा देवी, गिरिजा देवी, पार्वती जोशी, चंद्रा देवी, रजनी देवी, पुष्पा देवी, गोविनी देवी, गंदा देवी, पार्वती, सोनाली दुबे, किरण शर्मा, ममता लोनी, गीता पुजारा, भावना बोरा, आशा शर्मा, रागिनी देवी, हेमा, विमल बिष्ट, लक्ष्मी देवी, नारायण सिंह अरमौली, महेंद्र सिंह बाल्मीकि, रामू बिष्ट, पप्पू बिष्ट, दनुज यादव, विदेशी प्रसाद, रघुनाथ सिंह, राधावल्लभ जोशी, राजू, मनोज यादव, मथुरा दत्त, रामेश्वर, रमाकांत, वीरेंद्र यादव, पप्पू बिष्ट, सुनील रोहिल्ला, अनिल यादव, हरीश जोशी, रामजतन, रामनरेश कुशवाहा, राजू, राधेश्याम, मोहन सिंह बिष्ट, गोपाल जोशी उपस्थित थे।



# शिकायत पर क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खटीमा में विगत दिनों आई बाढ़, जल भराव से प्रभावितों को पूर्ति विभाग द्वारा पका-पकाया भोजन एवं राशन किटो का वितरण किया गया था। जिसके बिल भुगतान हेतु आपूर्तिकर्ता से क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर सुस्पष्ट आख्या एवं प्रकरण में अपना एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षण का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए गुरूवार सांय तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा यदि प्रकरण में कोई भी अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाते हुए अग्रेतर कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित किया जायेगा। बताते दें कि मानसून के दौरान विगत दिनों खटीमा में आई बाढ़, जल भराव के दौरान पीड़ित परिवारों को राहत शिविरों व घरों में पका-पकाया भोजन तथा राशन किट वितरित किये गये थे। ठेकेदार द्वारा पका-पकाया भोजन व राशन किटों के बिल भुगतान हेतु जिला पूर्ति कार्यालय में बिल प्रस्तुत करने पर क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग सम्बन्धित शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी खटीमा को दिया गया। जिसे उप जिलाधिकारी खटीमा ने जिलाधिकारी से क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने तथा बिल के भुगतान किये जाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर सुस्पष्ट आख्या एवं प्रकरण में अपना एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षण का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए साथ ही उप जिलाधिकारी खटीमा को प्रकरण में तत्याथमक अभिलेखों व स्पष्ट मंतव्य सहित तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# आईएमए ने की तस्लीम हत्याकांड पर हो रही राजनीति की निंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रूद्रपुर इकाई की आयोजित हुई एक बैठक में फुटेला अस्पताल में कार्यरत रही ओपीडी स्टाफ की दुखद मृत्यु पर परिवार के प्रति शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये कुछ लोगों द्वारा की जा रही तुष्टीकरण की राजनीति की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मृतका फुटेला अस्पताल में ओपीडी स्टाफ के रूप में कार्यरत थी। उसके साथ हुई दु:खद घटना पर सभी ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुये परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की करते हुये कहा कि आईएमए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है साथ ही इस घड़ी में दुखित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि आईएमए पुलिस जांच में हमेशा सहयोग करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग इस घटना को लेकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। जिसे उचित नहीं कहा जा सकता है। जिसकी आईएमए निंदा करता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अस्पताल के आगे धरना प्रदर्शन कर चिकित्सालय के कार्य में बाधायें डाल रहे है जिससे चिकित्सालय स्टाफ के साथ ही वहां उपचार कराने आये रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि मरीजों के हित में यह आवश्यक है कि सभी निजी चिकित्सालयों में सुरक्षा का माहौल बना रहे। बैठक में डा. एससी निगम,डा. रवि प्रकाश फुटेला, डा. रणजीत सिंह गिल, डा. हरीश चन्द्र भट्ट,डा. सुभाष यादव,डा. रितेश प्रसाद,डा. वेद प्रकाश,डा.अनुराग गर्ग, डा. अमित मिश्रा,डा.विशाल रस्तोगी, डा. मनदीप सिंह, डा. एके राणा, डा. प्रदीप अदलखा, डा. एके गुप्ता, डा. अतुल अग्रवाल, डा. प्रक्षय अग्रवाल, डा. नूतन जैन, डा.जेएम जेवियर,डा. ओपी महाजन, डा. अजय अरोरा, डा. सौरभ अरोरा, डा. दीप चिलाना, डा. रश्मी जेवियर,डा. ईश कुमार,डा.प्रशांत भारद्वाज, डा. अमृत गिल, डा. नवीन अग्रवाल, डा. धूप चिलाना, डा. सौरभ अरोरा, डा. नीरजा पंत, डा. निमेश गुप्ता, डा. नितिक बठला सहित कई निजी चिकित्सक उपस्थित थे।




